Re: Effective 4G Network in the country- laid

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मैं उत्तर प्रदेश के गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ। गोरखपुर के दूर दराज के इलाक़ों में आज भी 4G नेटवर्क उपलब्ध नहीं है जिससे मेरे क्षेत्र के लोगों विशेषकर छात्रों, शिक्षा जगत के लोगों और व्यापार से जुड़े लोगों को अनेक प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले छात्रों को विशेष कठिनाई होती है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी के DIGITAL INDIA का सपना 4G की सफलता पर निर्भर करता है और अब 5G नेटवर्क भी आ गया है। यदि ये नेटवर्क संपूर्ण भारत में ठीक से काम नहीं करेगा तो देश में DIGITAL DIVIDE CREATE होगा जो देश की प्रगति में बाधक होगा। अतः मैं केंद्र सरकार से माँग करता कि हूँ 4G नेटवर्क प्रभावी तरीक़े से काम करे और इसके लिए संचार मंत्रालय द्वारा प्रभावी कदम उठाने की अविलंब आवश्यकता है। सूचना क्रांति के इस युग में हमारा जीवन इंटरनेट और मोबाइल फ़ोन पर पूर्ण रूप से आश्रित हो गया है। अतः राष्ट्रहित में 4G और 5G का प्रभावी तरीक़े से काम करना नितांत आवश्यक है और केंद्र सरकार अविलंब ठोस कदम उठाए ताकि यह नेटवर्क निर्बाध गति से काम करे और देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे।